मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 221
बुधवार, 26 फरवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और सुधारों ने भारत के प्रति दुनिया की उम्मीदें बढ़ाई: पीएम मोदी

**असम, 25 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा शासन के दौरान असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य दोगुना होकर छह लाख करोड़ रुपये हो गया, यह डबल इंजन सरकार का असर है। वह असम व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि निश्चित बनी है। मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं ने देश के विकास की उम्मीद जगाई है। मोदी ने दावा किया कि असम स्टार्ट-अप इकाइयों का गंतव्य बन रहा है, जल्द ही पूर्वोत्तर के लिए विनिर्माण केंद्र बन जाएगा। उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और सुधारों ने भारत के प्रति दुनिया की उम्मीदें बढ़ाईं।

मोदी ने कहा कि आज भारत अपनी स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर रहा है। आज भारत, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों कर रहा है। ईस्ट एशिया के साथ हमारी कनेक्टिविटी लगातार सशक्त हो रही है और नया बन रहा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा भी अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज जब भारत विकास की ओर बढ़ रहा है तो एक बार फिर पूर्वी भारत सबसे आगे है। हमारा नॉर्थ ईस्ट



अपना सामर्थ्य दिखाने जा रहा है। मैं एडवांटेज असम को इसी भावना के प्रतिनिधित्व के रूप में देखता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं असम सरकार और हिमंता जी की पूरी टीम को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देता हूं। मुझे याद है कि 2013 में मैं चुनाव प्रचार के लिए असम के दौरे पर था। एक मीटिंग में मेरे मन में एक वाक्य आया और मैंने वर्णमाला पढ़ते-पढ़ते कहा कि अब दिन दूर नहीं, कहो ए फॉर असम। उन्होंने कहा कि सरकार देश के आधारभूत संरचना पर भी बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट कर रही है। संस्थागत सुधार, उद्योग, बुनियादी ढाँचा और नवाचार भारत की प्रगति का आधार है। इसलिए इंवेस्टर भी देश के क्षमता को उनकी और देश की प्रगति की संभावना को बदलता हुआ देख रहे हैं।

इस प्रगति में असम भी डबल इंजन की स्पीड से आगे बढ़ रहा है। मोदी ने दावा किया कि भारत ने अपने विनिर्माण क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर काम शुरू किया है। हम मेक इन इंडिया के तहत कम लागत विनिर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं। असम की क्षमताओं का एक उदाहरण असम चाय है।

## कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है सबका साथ, सबका विकास का नारा: खरगे



**नयी दिल्ली, 25 फरवरी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों की छात्रवृत्ति के लाभार्थियों की संख्या में कथित गिरावट को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि सबका साथ, सबका विकास का नारा कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक चार्ट साझा किया जिसमें उल्लेख है कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक बच्चों के लिए छात्रवृत्ति के लाभार्थियों में भारी गिरावट आई है।

खरगे ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक पोस्ट में कहा, नरेन्द्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि ये शर्मनाक सरकारी आँकड़े बताते हैं कि सभी वजीफों में मोदी सरकार ने लाभार्थियों की संख्या में भारी कटौती तो की है, साथ ही औसतन साल-दर-साल 25 प्रतिशत फंड भी कम खर्च किया है।

खरगे ने सवाल किया कि जब तक देश के कमजोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे? उन्होंने आरोप लगाया, आपका सबका साथ, सबका विकास का नारा, रोजाना कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है।



### सूचना

देशवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं, महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर उत्तरशक्ति प्रेस एवं कार्यलय दिनांक 26 फरवरी को बंद रहेगा। अगला अंक 28 फरवरी को प्रकाशित होगा।

– संपादक

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान को राहत, पुलिस पर हमला मामले में कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली, 25 फरवरी।** दिल्ली की एक अदालत ने लोक सेवकों के काम में बाधा डालने से जुड़े एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को मंगलवार को अग्रिम जमानत दे दी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस शर्त पर उनकी जमानत मंजूर की कि वह 25,000 रुपये के बांड और इतनी ही राशि की जमानत राशि जमा करेंगे। दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी




को जामिया नगर इलाके में हुई एक घटना को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। उन पर हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी के जामिया नगर में दिल्ली पुलिस टीम पर हुए हमले को लेकर मामला दर्ज किया गया था। खान, जो आधिकारिक कर्तव्यों में बाधा डालने के आरोपों पर कानूनी परेशानी का सामना कर रहे थे, को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा मिली, जिससे उन्हें तत्काल हिरासत से राहत मिली। हालांकि, राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया और कानूनी कार्यवाही के तहत उन्हें जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है।

## महाशिवरात्रि पर महाकुंभ में उमड़ेगा महाजनसैलाब, स्नानार्थियों की संख्या 64 करोड़ के पार

- अमृत स्नान के लिए तगड़ी है सुरक्षा व्यवस्था
- पीएम मोदी व सीएम योगी करेंगे महाकुंभ का समापन

**सुरेश गांधी**



**महाकुंभनगर।** प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ अब अपने अंतिम चरण में है. 26 फरवरी को अंतिम अमृत स्नान के साथ महाकुंभ के इस भव्य मेले की समापति हो जाएगी. इस दिन महाशिवरात्रि का पावन पर्व भी है. जिसके कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है. बता दें, महाकुम्भ का आयोजन 13 जनवरी से शुरू होकर महाशिवरात्रि के साथ समाप्त होगा। अब तक 64 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके है। महाशिवरात्रि के दिन 5 करोड से अधिक स्नानार्थियों के पहुंचने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 फरवरी को प्रयागराज में इसका औपचारिक समापन करेंगे। इस दौरान गंगा पूजन और विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना होगी।

जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने इसे भारत की सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह आयोजन विश्व में अनूठा है। इस अद्भुत आयोजन को सफल बनाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। महाशिवरात्रि के लिए खास इंतजाम गया हैं. सुरक्षा, ट्रैफिक और भक्तों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान रहने वाला है. स्नान घाटों और मंदिरों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी. आज शाम 26 फरवरी तक नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। इस दिन केवल उन्हीं गाड़ियों को ले जाने की अनुमति है जिनमें आवश्यकता का सामान हो. इसके अलावा महाशिवरात्रि पर गंगा स्नान, जलाभिषेक और पूजा के लिए सभी प्रमुख मंदिरों में खास इंतजाम किए गए हैं. इस पावन दिन को सफल बनाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ खुद पूरे मेला क्षेत्र की मॉनिटरिंग कर रहे हैं. साथ ही जरूरी दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं. वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा की गई तैयारी की जानकारी ली.

महाकुम्भ हमारी दिव्यता का प्रतीक जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने महाकुम्भ 2025 के समापन पर कहा, महाकुम्भ हमारी दिव्यताओं का प्रतीक है। हमारी संस्कृति तब से चली आ रही है जब से अम्बर, अग्नि, जल, वायु और मानव अस्तित्व में आए।

काशी में पूर्ण हुआ कुम्भ अनुष्ठान उन्होंने बताया कि कुम्भ के सभी धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण होने के बाद वे काशी पहुंच चुके हैं। महाशिवरात्रि के पूजन के साथ महा कुम्भ की परंपराएं विधिवत संपन्न हो जाएंगी।

एकता और सामाजिक समरसता की मिसाल जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर ने कहा, ह्लहमने यहां एकता और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखा। पूरा विश्व यह देखकर चकित है कि कैसे करोड़ों भारतीय एकजुट हुए।ह्वउन्होंने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि ह्लयूनिस्को ने इसे अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता दी है। 60-62 करोड़ लोगों का एक ही शहर में आना, यह अपने आप में एक अनोखी घटना रही।

## समाजवादी कब से आंबेडकर का सम्मान करने लगे: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 25 फरवरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पूछा, समाजवादियों ने आंबेडकर का सम्मान कब से करना शुरू कर दिया? उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपने कार्यकाल में कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया और आंबेडकर स्मारकों को तोड़कर विवाह भवन बनाने की योजना बनायी। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राज्य विधानसभा में अपने भाषण में मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी पर निशाना साधते हुए उस पर भीमराव आंबेडकर, कांशीराम और अन्य दलित नेताओं के योगदान की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, आप समाजवादी कब से आंबेडकर को सम्मान देने लगे? आपने तो कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया था। 2012 में जब आपकी सरकार बनी थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री ने कहा था कि आंबेडकर जी और अन्य सामाजिक न्याय के महापुरुषों के नाम पर बने स्मारकों को तोड़कर विवाह भवन बना देंगे। उन्होंने सपा सरकार के दौरान हुए गेस्ट हाउस कांड और महिलाओं के प्रति पार्टी के रवैये की भी तीखी आलोचना की। दो जून 1995 को, जब बसपा सुप्रीमो मायावती ने मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा की, तो सपा नेता और कार्यकर्ता गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां वह अपनी पार्टी के नेताओं से मिलने वाली थीं और कथित तौर पर उन पर हमला कर दिया। मायावती को भाजपा नेताओं ने गेस्ट हाउस से बचाया था। बाद में राज्यपाल ने मुलायम सिंह यादव सरकार को बर्खास्त कर दिया और मायावती को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।



मुख्यमंत्री ने कहा, सपा के कार्य को दुनिया ने अपनी आंखों से देखा है। उसको कहीं से भी क्लीन चिट मिल जाए फिर भी वे अपने पाप छुटकारा नहीं पा सकते हैं। सपा के इस आचरण से तो हर सभ्य समाज हमेशा व्यथित रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि यह वर्ष भारत के संविधान का अमृत महोत्सव वर्ष है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर और अन्य संविधान निमार्ताओं को श्रद्धांजलि देने का अवसर पर भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पंच तीर्थों का निर्माण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, जिनमें लखनऊ में आंबेडकर के नाम पर एक अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण और संविधान दिवस समारोह का आयोजन शामिल है। उन्होंने कहा कि अन्य प्रमुख पहल में बहराइच में महाराजा सुहेलदेव का विजय स्तम्भ स्मारक और श्रृंगवेरपुर में भगवान राम के साथ निषाद राज गुहा की 56 फुट ऊंची प्रतिमा का निर्माण शामिल है, जो एक कॉरिडोर परियोजना का हिस्सा है। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान में एक योजना और संत कबीर और संत रविदास के लिए समर्पित कार्यक्रमों सहित आगामी परियोजनाओं की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि काकोरी ट्रेन एक्शन का यह महत्वपूर्ण शताब्दी वर्ष भी है।









## चर्च ऑफ गॉड वर्ड मिशन सोसाइटी द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सफाई अभियान चर्च ऑफ गॉड वर्ड मिशन सोसाइटी की ओर से रविवार 23 फरवरी 2025 को महाराष्ट्र के बोईसर शहर खैरापाड़ा, कृष्णा नगर और बेटेगाव पुलिस चौकी चिल्लार रोड अंतर्गत स्ट्रीट तक उसके आस पास में 8600 वां स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में चर्च ऑफ गॉड वर्ड मिशन सोसाइटी के प्रधान पादरी किम जू चिअल के नेतृत्व में संस्था के करीब 300 सदस्यों ने हिस्सा लेते हुए सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे के बीच करीब 2 किलोमीटर के परिक्षेत्र में साफ सफाई की। इस स्वच्छता अभियान में 70 बैग यानी लगभग 1 टन कचरा इकठ्ठा किया गया।

चर्च ऑफ गॉड वर्ड मिशन सोसाइटी द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में मुख्य अतिथि शिवसेना शिंदे गुट के पालघर विधायक राजेन्द्र गावित, बोईसर शहर (डीवायएसपी) विकास नाईक, शिवसेना पालघर ज़िला प्रमुख कुंदन संखे, बोईसर शहर सुकून फाउंडेशन के (सीईओ) आशीष पिल्लाई, बोईसर (बीजेपी) महासचिव वैशाली मैडम, (बीजेपी) मंडल अध्यक्ष किरण अवस्थि, बोईसर (एमआईडीसी) पुलिस थाना के गोपनिय कामले, खैरापाडा ग्राम पंचायत के सदस्य बाबु भाई व उनकी टीम द्वारा सफाई सामग्री और ट्रेक्टर का मदद देते हुए सभी मान्यवरों ने इस अभियान में हिस्सा लेकर स्वयंसेवकों का हौसला अफजाई किया। इस दौरान सभी मान्यवरों ने चर्च ऑफ गॉड वर्ड मिशन सोसाइटी द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में शामिल सभी स्वयसेवकों की सराहना की। बोईसर वर्ल्ड मिशन सोसायटी चर्च ऑफ गोड के अध्यक्ष संदीप झोरे सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

## पीयूष गोयल ने भारत के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करने और एक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए एकीकृत इलेक्ट्रिकल उद्योग प्रदर्शनी का आह्वान किया

**मुंबई।** इलेक्रामा 2025 के तीसरे दिन मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार श्री पीयूष गोयल ने मुख्य भाषण दिया और भारत के ऊर्जा रूपांतरण, नीतिगत दिशानिर्देश और तकनीकी प्रगति से जुड़ी महत्वपूर्ण चचाओं के लिए मंच तैयार किया। आईईईएमए के प्रेसिडेंट सुनील सिंघवी, इलेक्रामा के प्रेसिडेंट (इलेक्ट) एवं चेयरमैन विक्रम गंडोत्रा और आईईईएमए के वाइस प्रेसिडेंट एवं इलेक्रामा 2025 के वाइस चेयरमैन सिद्धार्थ भूटोरिया जैसे दिग्गजों के साथ, पीयूष गोयल ने डॉमेस्टिक मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती देने, क्लीन एनर्जी अपनाने को प्रोत्साहन, नवाचार और सहयोग के जरिये भविष्य के लिए तैयार बिजली क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्युशंस में ग्लोबल लीडर बनने के भारत के विजन पर जोर दिया और नीतिगत समर्थन, रणनीतिक उद्योग साझेदारी और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में निवेश के महत्व के बारे में बताया।

मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार श्री पीयूष गोयल ने भारत के इलेक्ट्रिकल उद्योग से एक एकीकृत विश्वस्तरीय प्रदर्शनी मंच (एक्सपोजिशन प्लेटफॉर्म) तैयार करने, भारत को इलेक्ट्रिकल और ऊर्जा समाधानों के लिए वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने का आग्रह किया। इलेक्रामा में बोलते हुए, उन्होंने इलेक्रामा और अन्य उद्योग केंद्रित प्रदर्शनियों सहित प्रमुख प्रदर्शनियों को एक शोकेस में विलय करने की जरूरत पर जोर दिया, जिससे भारत वैश्विक कंपनियों के लिए वन-स्टॉप शॉप बन सके।

श्री पीयूष गोयल ने कहा, भारत वैश्विक ऊर्जा रूपांतरण में सबसे आगे है और हमारा इलेक्ट्रिकल उद्योग इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई अलग-अलग प्रदर्शनियों की मेजबानी करने के बजाय, हमें एक साथ मिलकर एक संयुक्त और बड़े स्तर का आयोजन करना चाहिए जो दुनिया के सामने हमारी पूरी क्षमताओं को प्रदर्शित करे। 1,500 से अधिक प्रदर्शकों, 100,000 से ज्यादा विजिटर्स और सबसे बड़े वैश्विक निवेशकों की भागीदारी वाली एक प्रदर्शनी की कल्पना कीजिए - यह भारत को वैश्विक इलेक्ट्रिकल उद्योग के केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित करेगा। उन्होंने इस विजन को साकार करने में उद्योग संगठनों की अगुवाई की जरूरत पर जोर दिया, ताकि भारत के डॉमेस्टिक सेक्टर की मजबूती और निर्यात और वैश्विक साझेदारी का भी विस्तार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा, आइए हम दुनिया को भारत में लाएं। अगर हम बेहद व्यापक और प्रभावित करने वाला एक एकीकृत मंच बनाते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को पता चलेगा कि भारत इलेक्ट्रिकल से जुड़े हर सामान के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। चाहे वह विद्युत अवसंरचना हो, स्वचालन हो या स्मार्ट ग्रिड समाधान हो - भारत के पास विशेषज्ञता, तकनीक और दूरदृष्टि हर चीज मौजूद है। दुनिया को कहना चाहिए, 'भारत जाइए, और आपको वहां इलेक्ट्रिकल से संबंधी नवाचार का भविष्य देखने को मिलेगा।

## हिंदू राष्ट्र सेवा संगठन ने की कश्मीरी हिंदुओं को घर वापसी किए जाने की मांग

**मुंबई।** अपने ही देश में कश्मीरी हिंदू विस्थापन की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। कश्मीरी हिंदुओं की घाटी में वापसी नहीं होने से उनमें आक्रोश व्याप्त हैं। ऐसे में हिंदू राष्ट्र सेवा संगठन महाराष्ट्र के अध्यक्ष राजा भाऊ सोनटक्के ने कश्मीरी हिंदुओं के लिए अलग से होमलैंड बनाने की मांग भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की है। सोनटक्के ने एक पत्र में बताया कि अब तो जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश बन गया है और यहां अनुच्छेद 370 की बाधा भी नहीं है। कश्मीर में पत्थरबाजी भी रुक गई है और पहले जैसी हिंसा भी नहीं है। ऐसे में कश्मीरी हिंदू चाहते हैं कि सरकार घाटी में उनका किसी सुरक्षित जगह पुनर्वास करवाए।

कश्मीरी हिंदुओं के लिए कोई नीति बनाए सरकार। बताया जाता है कि चुनाव होते हैं, तो विभिन्न पार्टियां उनका बोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती हैं. अब तक सरकार ने कोई कदम नहीं उठाए।. इसको लेकर कश्मीरी हिंदू संगठनों में भी हलचल है।. सोनटक्के ने मांग की है कि सरकार कश्मीरी हिंदुओं के लिए कोई नीति तो बनाए, कश्मीरी हिंदू घाटी में अपनी मिट्टी से जुड़ना चाहते हैं। घाटी में बसना चाहते हैं और इसके लिए सरकार को कश्मीरी हिंदुओं से बातचीत करनी चाहिए।

# रूपेश भोईर द्वारा रहेजा में 40 स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन

## उपनेता अल्ताफ शेख, लोकसभा संपर्क प्रमुख साईनाथ तारे की मुख्य उपस्थिति

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पश्चिम वार्ड क्रमांक 36 के रहेजा कॉम्प्लेक्स में कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के विद्युत विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के विधानसभा सहसंघटक रुपेश भोईर ने इस कार्य के लिए लगातार प्रयास किया था। उनके इस प्रयास को सफलता मिली और सोमवार को शिवसेना पदाधिकारियों व सोसायटी के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों इस कार्य का उद्घाटन संपन्न हुआ।



रहेजा, भारवानी, लोक उद्यान, शिरीष सोसायटी और अन्य गृह संकुलों में स्ट्रीट लाइटें नहीं थीं, जिससे सड़कें अंधेरे में डूबी रहती थीं। इसके कारण रात के समय चोरी और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर खतरा बना रहता था। इस विषय में स्थानीय नागरिकों ने शिवसेना ठाकरे गुट के विधानसभा सहसंघटक रुपेश भोईर से अपनी समस्या साझा की। रुपेश भोईर ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के विद्युत विभाग को पत्र लिखकर लगातार प्रयास किया। अंततः सोमवार को इस क्षेत्र में 40 स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ठाकरे गुट के उपनेता अल्ताफ शेख, लोकसभा संपर्क प्रमुख साईनाथ तारे, यातायात सेना के शहर अध्यक्ष निलेश भोर, एडवोकेट समृद्ध ताडमारे, महिला आघाड़ी की उपशहर संघटक सुनीता लेकावळे, राजलक्ष्मी अंगारके, मंगला गोसावी, शाखा संघटक सुवर्णा पवार, विभाग संघटक अक्षया दळवी, विधानसभा संघटक मीनल कांबळे, उपशहर संघटक मयूरा परदेशी, रूपाली भोईर समेत सोसायटी के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस दौरान शिवसेना पदाधिकारियों ने रुपेश भोईर के कार्य की सराहना की, वहीं स्थानीय निवासियों ने उनका आभार व्यक्त किया।

## किया सिरॉस ने 20,000 बुकिंग का आंकड़ा पार किया

**मुंबई।** भारत की प्रमुख मास-प्रीमियम कार निमार्ता किया इंडिया ने साल की शानदार शुरूआत की है, अपनी बहुप्रतीक्षित सिरॉस एसयूवी की लॉन्चिंग के साथ। सिरॉस ने अपने प्रतिस्पर्धियों को चुनौती देना शुरू कर दिया है और अब तक 20,163 से अधिक बुकिंग्स प्राप्त कर ली हैं, जो ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को दशार्ती है। सिरॉस की बुकिंग में ग्राहकों की पेट्रोल इंजन के प्रति अधिक रुचि देखने को मिली, जिसमें 67% बुकिंग पेट्रोल मॉडल के लिए हुई, जबकि शेष 33% ग्राहकों ने डीजल इंजन को प्राथमिकता दी। इसकी प्रीमियम अपील को दशार्ते हुए, 46% खरीदारों ने टॉप वेरिएंट्स को चुना। रंगों की बात करें तो ग्लेशियर व्हाइट पर्ल (32%) सबसे पसंदीदा रहा, इसके बाद ऑरोरा ब्लैक पर्ल (26%) और फ्रॉस्ट ब्लू (20%) का स्थान रहा। सिरॉस की प्री-बुकिंग 3 जनवरी 2025 को शुरू हुई थी, और इसे 1 फरवरी 2025 को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया।

यह INR 8.99 लाख से INR 16.99 लाख (एक्स-शोरूम) की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध है, जबकि एडीएएस फीचर टॉप ट्रिम की कीमत से अतिरिक्त INR 80,000 में जोड़ा जा सकता है। सिरॉस को आधुनिक, टेक-सेवी शहरी ड्राइवर की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसका बोल्ड एक्सटीरियर डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर और एडवांस्ड फीचर्स इस सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं।

## ग्लोब टेक्सटाइल्स का तीसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन

**मुंबई।** टेक्सटाइल उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक ग्लोब टेक्सटाइल्स ने थर्ड क्वार्टर और नौ महीनों के फायनान्शियल रीजल्ट्स की घोषणा की है। कंपनी ने रेवेन्यू और प्रोफिट में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है, जो कंपनी की बिजनेस स्ट्रेटेजी और ओपरेशन्स की सफलता दशार्ती है। 31 दिसंबर 2024 को खत्म हुए क्वार्टर के लिए रेवेन्यू 46.2 प्रतिशत 15,159.21 लाख रूपए हो गया जबकि पिछले वर्ष की इसी समयावधि में यह 10,367.19 रुपये लाख था। कंपनी का नेट प्रोफिट 53.7% बढ़कर 291.42 लाख रुपये हो गया जो पहले 189.55 लाख रुपये था। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, रेवेन्यू 20.8% बढ़कर 42,397.79 लाख रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 35,095.74 लाख रुपये था। नेट प्रोफिट में 56.6% की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और यह 943.55 लाख रुपये हो गया, जो कंपनी का सतत ग्रोथ दशार्ता है। ग्लोब टेक्सटाइल्स के 4,504 लाख रुपये के राइट्स इश्यू को अपेक्षा से अधिक रीस्पोन्स मिला, जिससे निवेशकों का कंपनी के ग्रोथ और फायनान्शियल स्टेबिलिटी में मजबूत विश्वास झलकता है। जुटाये गये फंड का उपयोग बिजनेस डेवलपमेन्ट, आरएंडडी और वर्किंग केपिटल के लिए किया जाएगा, जिससे इनोवेटिव और सस्टेनेबल सोल्यूशन्स के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में वृद्धि होगी। ग्लोब टेक्सटाइल्स के चेयरमैन और एम डी श्री भाविक पारिख ने कहा कि हमारा सतत मजबूत प्रदर्शन हमारी स्ट्रेटेजी, इफेक्टिव ओपरेशन्स और सतत ग्रोथ के प्रति स्ट्रोंग कमिटमेन्ट को दशार्ता है।

# बोईसर के शिवाजी नगर में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यश क्लीनिक का हुआ उद्घाटन

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिले के बोईसर शहर (प.) के सालवड पंचायत क्षेत्र अंतर्गत शिवाजी नगर में सुयश हेल्थ केयर एंड डे केयर सेंटर का उदघाटन शनिवार 22 फरवरी 2025 को मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी शिवशक्ति संगठना प्रमुख तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय जे. पाटील के हाथों रिबन काटकर किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि सालवड क्षेत्र के सरपंच संजय नारायण पाटील पंचायत सदस्यों के साथ गरिमामय के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम में मेडिकल प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विजय मल्या, लायन डॉ. के मुदस्सर, तथा लायंस क्लब के सम्मानित सदस्यगण




,डॉ. अनुराधा पी. कुलकर्णी तथा वरिष्ठ पत्रकार जगदीश करोतीया की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उदघाटन समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्र जैसे सालवड ग्राम के आमजन, द वानी समाज मंडल बोईसर, व पालघर, गुड मॉर्निंग ग्रुप, सकल मराठा ग्रुप, के गणमान्य सदस्यों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मेजबान नारायण कोतकर जो कि सुयश क्लिनिकल लैबोरेटरी, एस टी बस स्टैंड के बगल, गोसालिया पार्क में 1994 से कार्यशील है, के भी संचालक है, जो समाज की सेवा में अग्रसर है और जहां विभिन्न प्रकार की जांच की सुविधाएं उपलब्ध है। इन्हीं के सुपुत्र डॉ. सुयश कोतकर, पुत्रवधु डॉ. अंतरा कोतकर इस क्लीनिक का कुशलता पूर्वक संचालन करेंगे। मेजबान नारायण कोतकर, डॉ सुयश व डॉ अंतरा ने समारोह में उपस्थित मेहमानों का स्वागत किया और समारोह की शोभा बढ़ाने हेतु सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रकट किया।

साथ ही उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि उनके क्लीनिक में एडवांस पद्धति के उपकरणों से बोईसर वासियों को अच्छा व सस्ता इलाज उपलब्ध करायेंगे।

## रायगढ़ के चांभार गढ़ किले को प्रादेशिक पर्यटन और तीर्थ क्षेत्र की श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** चर्मकार विकास संघ मुंबई प्रदेश के अध्यक्ष सुभाष मराठे निमगांवकर ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर शिवराय के समय में जिला रायगढ़ तहसील महाड़ के अधीन आने वाले चांभार गढ़ किले को प्रादेशिक पर्यटन और तीर्थ क्षेत्र ₹ क₹ की श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में चर्मकार विकास संघ मुंबई के अध्यक्ष सुभाष मराठे निमगांवकर ने बताया कि शिवराय के समय में चांभार गढ़ किले पर आने वाले शत्रुओं को सर्वप्रथम चर्मकार योद्धाओं का सामना करना पड़ता था। चर्मकार योद्धाओं की वीरता और बहादुरी की मिशाल के कारण



ही इस क्षेत्र का नाम चांभार खिंड' पड़ा। मराठे के अनुसार रायगढ़ महाड के चांभार खिंड किले के पास हर साल हजारों चर्मकार समाज के लोग इकट्ठा होते हैं। इसी तरह भीमा-कोरेगांव में विजयस्तंभ के प्रतीक का अभिवादन करने के लिए दलित समाज के लाखों लोग आते हैं। इसी तरह चांभार गढ़ चर्मकार समाज की वीरता एवं अस्मिता का प्रतीक है। इस कारण चांभार गढ़ किले को प्रादेशिक पर्यटन एवं तीर्थ स्थल 'सी' समूह में सम्मिलित किए जाने की मांग राज्य के मुख्यमंत्री से चर्मकार विकास संघ मुंबई के अध्यक्ष सुभाष मराठे निमगांवकर, पूर्व नगरसेविका आशा ताई मराठे द्वारा की गई है।

## आर.एस.आर. इंडस्ट्रियल सिक्योर्टी कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिले के बोईसर शहर (प.) एमआईडीसी तारापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाम में स्थित वृंदावन नगरी, सोढ़ी प्रेसीडेंसी, बिल्डिंग नं.11 के शॉप नं. 1बी में मंगलवार 25 फरवरी 2025 को आर.एस.आर. इंडस्ट्रियल सिक्योर्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय का उद्घाटन किया गया।



कार्यक्रम की शुरूआत पुरोहित काली मंदिर, उमरोली के पुजारी पं. वसंत त्रिपाठी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से मुख्य यजमान कार्यालय संचालक गोविंद सिंह द्वारा सत्यनारायण पूजा करते हुए की गई। इसके पश्चात भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के पालघर जिला उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने सपरिवार हवन व आरती की। इस अवसर पर विशेष अतिथियों में नमो नमो मोर्चा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रारंभ प्रतिष्ठान प्रमुख व भाजपा पालघर जिला सचिव सत्य प्रकाश सिंह, बजरंग दल कोंकण प्रांत गौ रक्षा प्रमुख चंदन सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व उत्तर क्षेत्रीय संस्था प्रमुख अरविंद सिंह क्षत्रिय व पदाधिकारी हनुमान सिंह, उद्योजक सज्जन लाल गुप्ता (लालाजी), उद्योजक विजय पाण्डेय, उत्तर भारत सेवा समिति के दिनेश पाठक, बी.बी.सिंह, एल.पी. सिंह, प्रदीप सिंह व रामनरेश यादव, विश्व हिंदू परिषद बोईसर प्रखंड प्रमुख एस.पी. सिंह, बजरंग दल के प्रवीण राजपुरोहित, बजरंग दल पालघर जिला अध्यक्ष रोबिन सिंह, अनिल सिंह, पप्पू सिंह के अलावा मीडियाकर्मियों समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षा में परिवर्तन के लिए द सर्किल इंडिया की पहल

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** द सर्किल इंडिया, शिक्षा उद्यमियों को प्रोत्साहित करके भारत में शिक्षा को नया रूप देने वाले इस संगठन ने परिवर्तनकारी शिक्षा मॉडल को उजागर करने वाले, एक अलग दुनिया में ले जाने वाले, कई अलग-अलग शहरों में आयोजित किए गए शोकेस 'रीइन्वेंटिंग द रिपब्लिक' का सफलतापूर्वक समापन किया।



द सर्किल इंडिया के संस्थापक श्री संदीप राय ने कहा, भारत में छलांग लगाकर इस सदी से काफी आगे बढ़ जाने की क्षमता है, लेकिन इसे हासिल करने के लिए हमारे स्कूलों को आगे आना होगा। इसलिए हमने कॉर्पोरेट और समुदायों के नेताओं को अपने स्कूलों और कार्यक्रमों में बातचीत में शामिल होने, बदलाव लाने वाले शिक्षकों से मिलने, और भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया। मुंबई द सर्किल का होम बेस और उन कई शहरों में से एक है जहां द सर्किल के उद्यमी कम आय वाले समुदायों के बच्चों के लिए शिक्षा में परिवर्तन ला रहे हैं। श्री राय ने आगे कहा, द सर्किल उद्यमी मुंबई में अभिनव कार्यक्रमों का नेतृत्व कर रहे हैंः एक डिजिटल कला समूह है जो कला शिक्षा, मल्टीमीडिया स्टोरीटेलिंग और सामुदायिक सक्रियता को जोड़ता है - इस पहल ने 80 बच्चों को अपने साथ जोड़ा है - और एक स्कूल जो व्यावहारिक शिक्षा पर आधारित है, वर्तमान में यहां 60 से अधिक छात्र हैं। सर्किल ने 30 से अधिक उद्यमियों को इनक्यूबेट किया है, 5,000 से अधिक छात्रों के लिए 18 कार्यक्रम शुरू किए हैं और देश भर में 8,500 शिक्षकों को अपने साथ जोड़ा है। 2028 तक 25,000 छात्रों तक पहुँचना संगठन का लक्ष्य है, वंचित समुदायों के ज्यादा से ज्यादा बच्चों को अभिनव और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा तक पहुँच प्राप्त हो। यह सभी उद्यमी एक दो-वर्षीय कार्यक्रम का हिस्सा हैं जो उन्हें आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप अभिनव स्कूलों और आफ्टर-स्कूल केंद्रों को डिजाइन करने और लॉन्च करने के लिए संसाधन और सलाह प्रदान करता है। मुंबई की एक ऐसी ही उद्यमी, इकरा शेख ने द्ब.डीीं८ शुरू की है। यह एक परियोजना-आधारित शिक्षण केंद्र है, जो छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। इकरा ने बताया, इन्क्यूबेशन यात्रा परिवर्तनकारी रही है - इसने न केवल मेरी मान्यताओं को चुनौती दी है, बल्कि शिक्षा के बारे में सोचने के नए तरीकों को भी प्रेरित किया है। द सर्किल के समर्थन से, Pi.Kademy एक ऐसे स्कूल के रूप में विकसित हो रहा है जो आजीवन सीखने वालों, परिवर्तन करने वालों और भविष्य के नेताओं का समर्थन करता है - छात्रों को बाधाओं को तोड़ने और स्थायी सामाजिक प्रभाव बनाने के लिए सशक्त बनाता है। इस कार्यक्रम में विचारक, कॉर्पोरेट अधिकारी और परोपकारी लोगों ने भाग लिया। जिनमें नंदिता दुगर, टीएफआई और आकांक्षा फाउंडेशन की बोर्ड सदस्य; राज दुगर, एट रोड्स कैपिटल के पूर्व एमडी; शाहीन मिस्त्री, टीएफआई में संस्थापक और सीईओ; इन्फ्लुएंसर अवंती नागरा; सुजीत पाटिल, गोदरेज समूह में मुख्य संचार अधिकारी; रुचि बक्षी शर्मा, कलाकार और फिल्म निमार्ता; संजीव शर्मा, फिल्म निमार्ता और गीतकार; मीरा पटवर्धन, जीईवी छात्रवृत्ति फंड; अमिता चौहान, एसवीपी इंडिया में बोर्ड सदस्य; मेलविन, बंधन एएमसी में वीपी - कम्युनिकेशंस; मार्क मोराबिया, लिमिनल कैपिटल में सीओओ; एक्टर तारा शर्मा; प्रसाद बाजी, एसवीपी मुंबई में अध्यक्ष और आनंद झवेरी, रेव टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और पूर्व सीईओ शामिल थे।


उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

**पत्राचार कार्यालय:**
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com











**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com


# एक क्लिक पर मिलेगी जर्नल और शोध सामग्रीः प्रो.राजकुमार

## वेबसाइट के होम पेज पर 6500 से ज्यादा सदस्य बने

## 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' कार्यशाला सम्पन्न

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' योजना पर कार्यशाला मंगलवार को आयोजित हुई। कुलपति प्रो. वंदना सिंह की शैक्षिक उन्नयन मुहिम के तहत मानद पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) राजकुमार ने योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह सुअवसर है जिसका लाभ हर शिक्षक और विद्यार्थी को मिले। इसकी कार्ययोजना प्रगति पर है जिसे शीघ्र ही अमलीजामा पहनाया जाएगा। तकनीकी और संचार के युग में हमें एक ही प्लेटफार्म पर हर विषय के जर्नल और शोध सामग्री एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। तकनीकी सत्र में डॉ. विद्युत मल ने बताया कि 6500 से अधिक संस्थान इसके सदस्य हैं, जिससे 1.38 करोड़ शोध सामग्री निःशुल्क उपलब्ध है। यह सुविधा विवि के हॉस्टल, पुस्तकालय व संकाय भवनों में आई.पी. आधारित एक्सेस से मिलेगी। एचआरडी विभागाध्यक्ष डॉ. रसिकेश ने इसे शैक्षणिक क्रांति बताया। साथ ही कहा कि इंटरनेट की उपलब्धता होने पर इस योजना को गति मिलेगी। व्यवसाय प्रबंधन के डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह ने इसे विवि की प्रगति में सहायक कहा। प्राध्यापक उद्देश्य सिंह ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं। तकनीकी सहायक प्रशांत यादव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्राध्यापक व छात्र उपस्थित रहे।

# लावारिश शव हुआ दफन, नहीं हो पाई थी सड़क हादसे में मृत व्यक्ति की शिनाख्त




जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लावारिश शव इंतजामिया कमेटी (रजिस्टर्ड) जौनपुर द्वारा 24 फरवरी सोमवार को देर शाम आठ बजे एक लावारिश शव थाना लाइन बाजार जौनपुर से प्राप्त हुआ था। पुलिस के अनुसार शव हाइवे नेवादा पर पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे मे मृत मिला था शव का हुलिया दाढ़ी थी उम्र लगभग 52 वर्ष होगी। शव की शिनाख्त न होने पर 72 घंटे रखने के बाद शव को अंत्य परीक्षण के बाद मुस्लिम रीति रिवाज से हजरत हम्जा चिश्ती कब्रस्तान के दक्षिण तरफ मोहल्ला पंचहटिया जौनपुर पर दफन करवाया गया जनाजे की नमाज हफीज अजहर रसीदाबाद ने अदा करवाई। इस मौके पर रियाजुल हक, इम्तियाज सिद्दीकी सहित पुलिस विभाग से आरक्षी सर्वेश कुमार मौजूद रहे। विशेष सहयोग मास्टर मेराज, शकील ड्रग्स, आबिद खान, शहजादे, राजा हसन, फिरदौस का रहा।

# जौनपुर के दर्जनों विकास कार्य योजना के साथ मुख्यमंत्री से मिले कृपाशंकर सिंह

## माँ शीतला देवी मंदिर (चौकियाँ धाम) को कॉरिडोर बनाकर किया जाय जीर्णोद्धार



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एंव महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने लखनऊ में शिष्टाचार भेंट करके जनपद जौनपुर के विभिन्न क्षेत्रों के महत्वपूर्ण विकास संबंधी कई विषयों पर ज्ञापन देकर विस्तार पूर्वक चर्चा किए।मुख्यमंत्री को दिए गए कार्यों की सूची निम्नवत है। जिसमे सबसे पहले माँ शीतला देवी मंदिर (चौकियाँ धाम) का कारिडोर बनाकर जीणोर्धार करने के संदर्भ में पत्र। राजस्व ग्राम भोसिला ग्राम पंचायत मितावा पोस्ट मितावा तहसील बदलापुर जनपद जौनपुर में स्थित 68 एकड़ जल खाते के लिए आरक्षित भूखंड पर पर्यटन स्थल बनाने की दृष्टि से भव्य झील एंव भव्य उद्यान बनाने के संदर्भ में पुनः पत्र दिया। विकास खंड महराजगंज अंतर्गत फत्तूपुर में स्थित परमहंस योगाश्रम सहज धाम के परिसर में बन रहे भव्य भगवान श्री कृष्ण के मंदिर (श्री नारायण दिव्य धाम मंदिर) के जीणोर्धार सुंदरीकरण नवीनीकरण और बाउंड्रीकरण के साथ साधु संतों भक्तों के ठहरने भवन निर्माण हेतु एंव परिसर में छात्रों को धर्म के बारे में जानकारी ओर संस्कृति शिक्षा और पठन पाठन हेतु पुस्तकालय बनाने के संदर्भ में पुनः पत्र दिया। विकास खंड बक्शा अंतर्गत देवस्थान (मंदिर) खमपुर - सहोदरपुर परिसर में स्थित तालाब के सुंदरीकरण और मंदिर परिसर के सुंदरीकरण के संदर्भ में पत्र दिया। विकास खंड महराजगंज अंतर्गत ग्रामसभा कल्याणपुर में सई नदी के तट पर बाबा बोझनाथ घाट पर स्थित श्री बाबा बोझनाथ मंदिर परिसर के जीणोर्धार नवीनीकरण और सुंदरीकरण बाउंड्रीकरण करने और परिसर में साधु संतों और भक्तों के रुकने के लिए भवन निर्माण और छात्रों को धर्म एंव संस्कृति की जानकारी और शिक्षा से संबंधित पठन पाठन के लिए पुस्तकालय बनाने और मंदिर के समीप सई नदी पर घाट बनाकर सुंदरीकरण करने के संदर्भ में पत्र दिया। विकास खंड महराजगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरा गंभीर शाह में स्थित नई दिल्ली बाजार के समीप गाटा संख्या 735 में दो एकड़ क्षेत्रफल में फैले तालाब पर पर्यटन की दृष्टि से आस पास के कई गांवों के रहवासियों को घूमने टहलने और व्यायाम करने हेतु सुंदरीकरण करने के संदर्भ में पत्र दिया।जनपद जौनपुर में स्थित उसरा बाजार, कलियरा से तेजी बाजार, बरईपार होते हुए मछली शहर मार्ग तक दो राष्ट्रीय राष्ट्रीय राजमार्गो को आपस में जोड़ने वाली सड़क को मिनी फोरलेन अथवा 7 मीटर चौड़ीकर उच्चीकरण नवीनीकरण के संदर्भ में पुनः पत्र दिया। जनपद जौनपुर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 31 सिकरारा से शेरवा बरईपार होते हुए सुजानगंज राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज गोरखपुर संपर्क मार्गो को जोड़ते हुए बेलवार होकर प्रतापगढ़ जोड़ने वाले मार्ग को मिनी फोरलेन अथवा 7 मीटर चौड़ीकरण उच्चीकरण नवीनीकरण के संदर्भ में पत्र दिया। बदलापुर विधानसभा के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज गोरखपुर से जुड़ने वाले भटपुरा शाहपुर नेवादा कल्याणपुर बोझनाथ घाट से मुगरा बादशाहपुर के अंतर्गत बोझनाथ घाट से सोनहिता भाऊपुर मोड़ तक के संपर्क मार्ग को लगभग 5.30 मीटर तक चौड़ीकरण करने एंव उच्चीकरण नवीनीकरण की स्वीकृति के संदर्भ में पत्र दिया। बदलापुर विधानसभा के अंतर्गत बदलापुर नहर की पटरी से होते हुए बिठुआ कला (कठार) और ढेमा होकर सीड होते हुए बिझवट नहर की पटरी प्रतापगढ़ के बॉर्डर तक के संपर्क मार्ग को 5.30 मीटर चौड़ीकरण करने एंव उच्चीकरण नवीनीकरण करने के संदर्भ में पत्र दिया। विकास खंड बक्शा के अंतर्गत तेजीबाजार से मरघुपुर वाया सहोदरपुर संपर्क मार्ग की दूरी लगभग ३ किलो मीटर के सड़क मार्ग को नवनिर्मिति के लिए पत्र दिया। विकास खंड करंजकला अंतर्गत रामपुर-जौनपुर संपर्क मार्ग से खुटहन जौनपुर मार्ग जेठपुरा गेट नगीना की पान की दुकान तक की दूरी लगभग 7 किलो मीटर तक के सड़क मार्ग को नवनिर्मिति के लिए पत्र दिया। विकास खंड करंजकला अंतर्गत एन.एम.सेंटर से श्रीमती कलावती देवी पूर्व प्रधान मोकलपुर के घर से होते हुए मां कौशल्या सेकेंडरी स्कूल मोकलपुर नेवादा तक की लगभग 2 किलो मीटर सड़क की नवनिर्मिति के लिए पत्र दिया। विकास खंड करंजकला के अंतर्गत मल्हनी जौनपुर संपर्क मार्ग करंजकला बाजार से छबीलेपुर बाजार होते हुए छुंछा पुल तक की लगभग 7 किलो मीटर की सड़क को नवीनीकरण के लिए पत्र दिया। विकास खंड महराजगंज के अंतर्गत राईपुर प्राइमरी स्कूल, सिंह बस्ती से केशवपुर की छोटी नहर पटरी से होते हुए भटपुरा कल्याणपुर संपर्क पर स्थित बड़ी नहर व जल निगम की टंकी के समीप तक के लगभग 1 किलो मीटर के संपर्क मार्ग को नव निर्माण के लिए पत्र दिया। विकास खंड महराजगंज अंतर्गत भटौली तिराहे से गोठवा होते हुए रामपुर नार तक के लगभग 2 किलो मीटर के संपर्क मार्ग की नवनिर्मिति के लिए पत्र दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उपरोक्त सभी महत्वपूर्ण विकास संबंधी कार्यों को करवाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित करने के लिए जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने आभार प्रकट किया।

# अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

## अधिवक्ता निबन्धक कार्यालय पर बैठे एक दिवसीय धरने पर, शाहगंज-सुल्तानपुर मार्ग किया जाम

**शिव कुमार प्रजापति**

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बार काउंसिल ऑफ-उत्तर प्रदेश के आह्वान पर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में अधिवक्ता समिति महामहिम को प्रेषित ज्ञापन उप जिलाधिकारी शाहगंज राजेश कुमार चौरसिया को सौंपा। अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम शाहगंज को सौंपा। अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन अधिवक्ताओं के हितों के खिलाफ बताया। कहा कि जिसकी सूचना उपनिबन्धक शाहगंज जौनपुर को भी समिति द्वारा दे दिया गया था। इसके उपरांत बैठक में बार कौन्सिल आफ इंडिया और बार कौन्सिल उत्तर प्रदेश के आवाहन के समर्थन में पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लेकर अधिवक्ता समिति शाहगंज द्वारा जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। उक्त अधिवक्ताओं द्वारा तहसील गेट पर नारेबाजी की गई। शाहगंज सुल्तानपुर मार्ग पर भी कुछ समय अधिवक्ताओं के द्वारा चक्का जाम करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। रजिस्ट्री ऑफिस के मुख्य गेट पर अधिवक्ताओं के द्वारा एकदिवसीय हड़ताल करते हुए जमीन पर बैठ गए। काले कानून वापस लो, कानून मंत्री मुर्दाबाद, काला कानून वापस लो अधिवक्ता एकता जिंदाबाद जैसे नारें लग रहे थे। उक्त अवसर पर भौलेन्द्र कुमार यादव सुभाष चंद्र यादव डॉ दुर्गा प्रसाद वीरेंद्र कुमार यादव विमलेश चंद यादव नितेश कुमार यादव प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ओम प्रकाश चौधरी सहित सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित रहे।






शाहगंज के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। अधिवक्ता समिति शाहगंज के अध्यक्ष भौलेन्द्र कुमार यादव व महमंत्री डॉ दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता रजिस्ट्री ऑफिस नायब तहसीलदार कार्यालय एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां पर अधिवक्ताओं ने जब तक एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 वापस नहीं लिया जाता है तब तक अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व शाहगंज अधिवक्ता समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित करके सभी स्टैम्प वेण्डरो को सूचित किया गया था कि मंगलवार को स्टाम्प की बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी।

# परिषदीय विद्यालय के बच्चों में अद्भुत प्रतिभाः बसंत शुक्ला

## भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया शारदा संगोष्ठी एवं बाल मेला

## दो दर्जन प्रतिभाओं को बीईओ ने मेडल देकर किया सम्मानित

**निशानाथ**

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्राथमिक विद्यालय गोरारी का शारदा संगोष्ठी एवं बाल मेला मंगलवार को भव्य समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शाहगंज ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी बसंत शुक्ला ने दीप प्रज्वलित व फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय गोरारी सूबे में एक मॉडल के रूप में विकसित हो चुका है। यहां की प्रधानाध्यापिका डॉ शिवानी मौर्य की लगनशीलता, मेहनत से आज इस विद्यालय को एक दर्जन से अधिक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। शासन स्तर से जब कभी भी हाईटेक विद्यालयों की श्रृंखला बनती है। तब इस विद्यालय का नाम बड़े ही आदर सम्मान के साथ लिया जाता है। इसके लिए यहां के सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चों में जो लगनशीलता है। वह आगे चल कर देश दुनिया में अपना नाम रोशन करेंगे। यह हमारी शुभकामना है। बीईओ श्रीशुक्ल ने विद्यालय की सबसे टॉपर प्रतिभा कक्षा तीन की संजना को मेडल देकर सम्मानित किया। रस्सी कूद बालक वर्ग में पवन कुमार, बालिका में नेसहत, दौड़ में अल्तमस, सनी कुमार, कला में सोनम आयुष कुमार, कविता पाठ में तस्मिया व मोजाहिद अव्वल रहे। इन्हें भी प्रमाण पत्र और मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। समारोह में राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अशोक सोनकर, एआरपी प्रशांत मिश्र ने विद्यालयों को हाईटेक किए जाने के संबंध में विस्तार से बताया। शिक्षक डॉ चंद्रजीत मौर्य, मनबहाल गुप्ता, अशोक सोनकर, अशोक मौर्य, डॉ शिवानी मौर्य ने स्मृति चिन्ह और सम्मान स्वरूप शाल भेंट कर मुख्य अतिथि बसन्त शुक्ल का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल संकुल वीरेंद्र कुमार व संचालन प्रधानाध्यापिका डॉ शिवानी मौर्य ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अखिलेश यादव, डॉ चन्द्रजीत मौर्य, नीलम मौर्य, आशीष सिंह , देवेंद्र सिंह, राम स्वारथ, अजय यादव, अमरजीत पिंटू, विजेंद्र यादव, निशा यादव, मंजू यादव, रीता यादव, सुनीता प्रजापति, शिक्षिका सबा परवीन, गजाला अंजुम, सरिता, उर्मिला यादव, वीरेंद्र कुमार, फैजान अंसारी, आराधना पांडेय, उषा देवी, आशा देवी, संगीता देवी अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा देने गई किशोरी गायब, पड़ोसी गांव के युवक पर भगा ले जाने का लगा आरोप

जफराबाद, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। हाईस्कूल की परीक्षा देने के लिये कालेज आयी किशोरी को एक 14 वर्षीय किशोर भगा ले गया। लड़की के परिजन ने जफराबाद थाने पर शिकायत की है। पुलिस मामले की खोजबीन में लग गई है। नगर पंचायत कजगांव के राजेपुर वार्ड के निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री 24 फरवरी की सुबह घर से परीक्षा देने के लिए श्रीराम निरंजन इंटर कालेज गई थी। परीक्षा खत्म होने के बाद भी वह घर नहीं आई। शाम तक काफी खोजबीन हुई लेकिन उसका पता नहीं चला। छानबीन करने के बाद पुलिस को सूचना दिया गया। उक्त व्यक्ति ने तहरीर देकर माधोपट्टी मोछअम्बा रामपुर गांव के निवासी एक किशोर पर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। वही थाना के सब इंस्पेक्टर धनुषधारी पाण्डेय ने बताया कि आरोपी युवक कक्षा नौ का छात्र है। थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छात्रा की खोजबीन की जा रही है जल्द ही अपृहता गुमशुदा को बरामद तलाश लिया जाएगा।

# रासेयो के विशेष शिविर के तीसरे दिन पर्यावरण जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर का तीसरे दिन फरीदुल हक




मेमोरियल पीजी कॉलेज तालिमाबाद सबरहद शाहगंज जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन पर्यावरण जागरूकता रैली मजडीहा, डोमनपुर, उसरहट्टा, सबरहद गाव में निकाली गयी। रैली का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता से आम जनमानस को अवगत कराना था। उसमें पर्यावरण को कैसे शुद्ध करना है उसको बताया गया स्वयंसेवको में रिकां, आमरीन, उज्मा खान, अभिषेक कुमार, खुशी चौहान, अंकित राजभर, अफरा खान ने तत्परता के साथ जागरूक के बारे में व्याख्यान किया। भोजनोपरान्त बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया गया इस सत्र के मुख्य अतिथि डॉ.रविन्द्र कुमार यादव रहे।कार्यक्रम में अफरा, प्रिन्स कुमार, खुशी, अंजली गुप्ता ने स्वच्छ पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके ओर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहां कि वर्तमान परिवेश में अगर हम पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं होंगे तो आने वाला भविष्य हमारा बेहतर नहीं होगा इसलिए बेहतर भविष्य के लिए पर्यावरण जागरूकता के तहत स्वच्छता और स्वास्थ्य को जोड़ना अति आवश्यक है।जिससे एक बेहतर समाज के साथ-साथ शुद्ध पर्यावरण की भी परिकल्पना सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ राकेश सिंह, रेयाज अहमद, डॉ.संजय यादव, धूरेन्द मौर्य, डॉ रविन्द्र यादव, डॉ.विनय कुमार, अनिता देवी, डॉ.पूजा रानी, डॉ.भाष्कर तिवारी, डॉ.रामचंद्र मौर्य, खुर्शीद हसन खान, अमित श्रीवास्तव, गीता यादव सहित कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमित दयानाथ गुप्ता, डॉ.अनामिका मिश्रा, डॉ.शिव प्रसाद यादव, ओम प्रकाश चौरसिया ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए वही कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।

## अनियंत्रित कार पलटी, चार लोग घायल

गौराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे के गौराबादशाहपुर बाईपास पर देर रात एक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटी। जिससे कार में सवार चार लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। कार सवार श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि दुर्घटना में मनदीप कुमार, सरोजा देवी, संगीता और संजय घायल हुये हैं। सभी घायल महराजगंज जिला के थाना कोथवारा के बगही गांव के रहने वाले है और कुंभ में जा रहे थे।

# सिटी नर्सिंग होम द्वारा 16वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया शुभारंभ

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सिटी नर्सिंग होम शाहगंज द्वारा 16वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के निःशुल्क शिविर आमजन के लिए बेहद लाभकारी होते हैं। खासकर उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से महंगे इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सैय्यदा हुमैरा बानो, जनरल फिजिशियन डॉ. शेख मोहम्मद तारिक समेत अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। स्वास्थ्य शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र जांच, हड्डी रोग, महिलाओं से जुड़ी समस्याओं समेत विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। इसके अलावा मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शेख बदरुद्दीन आजमी मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया। आयोजनकर्ता डॉ. शेख मोहम्मद तारिक ने शिविर 11 बजे से शुभारंभ हुआ शाम तक चलता रहा, जिसमें लगभग 379 मरीजों का उपचार हुआ। उन्होंने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर पिछले 16 वर्षों से नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है। कहा, हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन जारी रहेगा। इस अवसर पर समाजसेवी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, डॉक्टरों की टीम और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से स्वास्थ्य सेवाएं अधिक लोगों तक पहुंच पाती हैं।

## सोशल मीडिया रोजगार दिलाने में है सहायकः डॉ.दिग्विजय


जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल में मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए रोजगार और सोशल मीडिया पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया के प्रयोग एवं रोजगार के लिए उसके उपयोग पर विस्तार से चर्चा की. विशेष व्याख्यान में डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि आज कल बहुत से नियोक्ता बेहतर लोगों की तलाश में सोशल मीडिया के मंचों का सहारा ले रहे है।इसलिए सोशल मीडिया पर अपनी मजबूत प्रोफाइल बनाये।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से रोजगार की तलाश करने वालों को संपर्क बनाने में काफी मदद मिलती है। इसके साथ ही बहुत सारी ऐसी प्रोफेशनल बातें सीखने को और जानने को मिलती है जो अन्य मंचों पर उपलब्ध नहीं होती।उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में आपको रोजगार की तलाश करना है उससे जुड़े समूहों, कंपनियों से ऑनलाइन जुड़ाव करे। इसके साथ ही ऑनलाइन होने वाली गंभीर चर्चा में भी अपनी बात रखे।उन्होंने कहा कि अत्यधिक सोशल मीडिया के प्रयोग से आजकल गोपनीयता का भी संकट आ गया है। अनावश्यक सामग्रियों को सोशल मीडिया मंचों पर पोस्ट करने से बचना चाहिए। विशेष व्याख्यान में विद्यार्थियों को उन्होंने ऑनलाइन पोस्ट लेखन की तकनीकी से भी परिचित कराया।उन्होंने बताया की आजकल कॉर्पोरेट सेक्टर उमीदवारों की नियुक्ति के पहले उनके सोशल मीडिया की प्रोफाइल की अच्छे से पड़ताल करते है। कई बार पहले से किये गए सोशल मीडिया के पोस्ट से नौकरी नहीं मिल पाती। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन के आठ घंटे बाद हॉस्पिटल से परीक्षा देने पहुंचा छात्र

## शरीर में लगा था कैथेटर भाई के कंधे का सहारा लेकर पहुंचा था परीक्षा केंद्र

**आफताब आलम**





मानीकलां जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मानीकलां निवासी मोहम्मद अनफ ने अपने हौसले और दृढ़ इच्छा शक्ति से सबको प्रेरित किया मोहम्मद अनफ जो एक गंभीर ऑपरेशन के महज आठ घंटे बाद हाई स्कूल की परीक्षा देने पहुंच गया। अनफ परीक्षा में शामिल होकर अपनी मेहनत और संकल्प का परिचय दिया बड़े भाई ने दिया सहारा छोटे भाई का हौसला अटूट अनफ के बड़े भाई ने बताया कि ऑपरेशन के बाद परिवार और डॉक्टर ने उसे परीक्षा स्थगित करने की सलाह दी थी लेकिन अनफ ने यह कहकर मना कर दिया कि एक साल की पढ़ाई और मेहनत को वह बर्बाद नहीं होने देगा। परीक्षा देने के लिए भाई ने उसे अपने कंधे का सहारा देकर परीक्षा केंद्र श्री वासुदेव गुजराती इण्टर कॉलेज शेखवलिया फूलपुर आजमगढ़ पहुंचाया परीक्षा केंद्र प्रशासन ने किया सहयोग परीक्षा केंद्र में मौजूद लोगों ने अनफ के साहस की सहराना की और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की इस घटना ने युवा पीढ़ी के लिए यह संदेश दिया कि जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किलें आए यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास हो तो उन्हें पार किया जा सकता है। अनफ का यह कदम हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो मुश्किल हालातो में हार मानने की सोचता है उसकी कहानी साबित करती है कि दृढ़ निश्चय और आत्मबल से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। अनफ परीक्षा केंद्र से वापस लौट कर हॉस्पिटल में एडमिट हो गया।

# जिले व तहसील में मुस्तफाबाद ग्राम सभा का नहीं है नक्शा

## ◆ विधायक पंकज पटेल ने विधानसभा में नक्शे की मांग


## सरकार को तहसील व जिले में नहीं मिला मुस्तफाबाद ग्राम सभा का नक्शा, जांच के लिए टीम का हुआ गठन



मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सपा विधायक पंकज पटेल ने सुजानगंज विकासखंड के ग्राम सभा मुस्तफाबाद का नक्शे की मांग को लेकर विधानसभा में आवाज उठाई। सरकार के जांचों उपरांत तहसील व जिले में मुस्तफाबाद ग्राम सभा का नक्शा नहीं मिला। शासन ने एक टीम को गठित किया है। विधायक ने 20 फरवरी को विधानसभा में सरकार से सूचना मांगा कि मुंगराबादशाहपुर विधान सभा के अन्तर्गत ग्राम सभा मुस्तफाबाद, तहसील मछलीशहर में भूमि नक्षत न तो जिला मुख्यालय पर और न ही तहसील पर उपलब्ध है लेखपाल के पास पड़ताली नक्सा उपलब्ध है जो कि बिल्कुल कटा-फटा है। शिकायत करने के बावजूद नक्सा उपलब्ध नहीं हो पाया है। ग्राम सभा का नक्सा उपलब्ध कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है।

मंगलवार को जवाब में सरकार की ओर से बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी जौनपुर ने पत्र द्वारा अवगत कराया कि 06 सदस्यीय टीम का गठन करके ग्राम मुस्तफाबाद के चकबन्दी भू-मानचित्र की सघन खोजबीन करायी गयी। खोजबीन करने के उपरान्त भी प्राप्त नहीं हो सका। एक टीम गठित करके राजकीय मुद्रणालय रूडकी, हरिद्वार, उत्तराखण्ड से सम्पर्क स्थापित कर भू मानचित्र प्राप्त करने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

# ट्रक के नीचे आने से वृद्ध की मौत



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जलालपुर उक्त थाना क्षेत्र के महिमापुर गाव निवासी राधेश्याम यादव उम्र 70 वर्ष सोमवार की शाम लगभग 7:00 बजे अपनी साइकिल से जलालपुर गए थे तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक जलालपुर चौराहा पर टक्कर मार दी जहां पर उनकी ट्रक के नीचे आने से मौके पर मौत हो गई, स्थानीय लोगों ने परिवार वालों को सूचना दी तो परिजन रोते चिल्लाते घटना स्थल पर पहुंचे मौके पर पहुंची जलालपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया है।वही ट्रक ड्राइवर ट्रक सहित फरार हो गया मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया है। मृत व्यक्ति कृषि कार्य करके अपने जीवन यापन करता था।

## 41 भवनों के बेघर निवासियों के पुनर्वास के मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक



नालासोपारा। नालासोपारा में 41 भवनों के बेघर निवासियों के पुनर्वास के मामले में मुख्यमंत्री सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें नालासोपारा में 41 भवनों के विस्थापित निवासियों के पुनर्वास हेतु मुख्यमंत्री से विधायक श्रीमती स्नेहा दुबे ने ध्यान देने की अपील की। स्नेहा दुबे पंडित ने उनसे व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से की थी. उन्होंने आश्वासन दिया था इस मामले में जल्द ही बैठक की जायेगी. इसकी जानकारी मुख्यमंत्री ने दी थी तदनुसार इस बैठक की तैयारी हेतु मुख्यमंत्री की प्रमुख सचिव श्रीमती अश्विनी भिड़े के साथ आज मंत्रालय में बैठक हुई। इस मुलाकात के दौरान विधायक श्रीमती स्नेहा दुबे पंडित ने उन्हें मामले की जानकारी दी और इस पर विस्तृत नोट प्रधान सचिव को सौंपा। प्रमुख सचिव ने इस मामले के तथ्यों को समझा और शीघ्र ही पुनर्वास के मामले में संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात की जायेगी।

## महा वितरण के वसई मंडल में बिजली केबल को भूमिगत करने के प्रस्ताव को मंजूरी



वसई। विरार शहर मनपा क्षेत्र में महा वितरण के वसई मंडल में बिजली केबल को भूमिगत करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने में सफलता मिली है। वसई-विरार नगर निगम क्षेत्र में महावितरण कंपनी की बिजली आपूर्ति के ओवरहेड केबल को भूमिगत करने के लिए निधि प्रदान करने के लिए वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित महाराष्ट्र राज्य के जल संसाधन एवं आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन से उनके आवास सेवा सदन पर मुलाकात की और वसई विधायक श्रीमती स्नेहा दुबे ने विधान परिषद के नागपुर सत्र में अंडरग्राउंड केबल का मुद्दा भी उठाया था। उस पर मंत्री गिरीश महाजन ने बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह आज इस प्रस्ताव को मंजूरी दे रहे हैं। इस समय विधायकों ने खोलसापाड़ा-1 परियोजना का 100 प्रतिशत पानी वसई-विरार मनपा के लिए आरक्षित करने के प्रस्ताव पर शीघ्र व सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध किया। मंत्री ने बताया जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। मंत्री गिरीश महाजन विधायक श्रीमती स्नेहा दुबे पंडित को आश्वासन दिया। मंत्री द्वारा लिये गये उक्त निर्णय के संबंध में विधायक श्रीमती स्नेहा दुबे पंडित ने उन्हें धन्यवाद दिया।

## होमबेल फिल्म्स ने नये फिल्मकारों को बढ़ावा देने के लिये आरवी यूनिवर्सिटी के टीआईएफए 2025 के साथ साझेदारी की

मुंबई। होमबेल फिल्म्स, जिसने केजीएफ, कांतारा और सालार जैसी बड़ी हिट फिल्में दी हैं, ने आरवी यूनिवर्सिटी के फिल्म फेस्टिवल टीन इंडी फिल्म अवार्ड्स (टीआईएफए) 2025 के साथ अपने सहयोग की घोषणा की है। इससे भारत में नए फिल्मकारों को बढ़ावा मिलेगा। टीआईएफए 2025 युवाओं एवं किशारों के लिए भारत का सबसे बड़ा फिल्म फेस्टिवल है। इस साझेदारी की मदद से यह कई नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए तैयार है। इसमें तीन लाख रुपये के नकद पुरस्कार और स्कॉलरशिप्स दिये जाएंगे। इतना ही नहीं, पांच प्रतिभाशाली फिल्मकारों को होमबेल फिल्म्स के साथ अपनी फिल्में बनाने का मौका मिलेगा। यह साझेदारी नए टैलेंट और फिल्म इंडस्ट्री के बीच की दूरी को कम करेगी, और उन्हें असली दुनिया का अनुभव और मार्गदर्शन देगी। यह साझेदारी भारतीय सिनेमा के भविष्य में एक बड़ा निवेश है। इससे नए और इच्छुक फिल्मकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और फिल्म इंडस्ट्री में अपने सपने पूरे करने का एक बेहतरीन मौका मिलेगा। टीआईएफए का आयोजन आरवी यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु में स्कूल ऑफ फिल्म, मीडिया एण्ड क्रिएटिव आर्ट्स (एसओएफएमसीए) द्वारा किया जाता है। यह अपना चौथे संस्करण लेकर आया है जोकि पहले से कहीं बड़ा तथा बेहतर होगा। इस फिल्म महोत्सव की यह खास बात है कि यह 'फिल्म बनाने वाले विद्यार्थियों का, उन्हीं के द्वारा और उन्हीं के लिए' एक आयोजन है। यह दुनिया भर के स्कूल और यूनिवर्सिटी के छात्रों को फिल्म बनाने में उनकी बेहतरीन काम और क्रिएटिविटी को सम्मान देने और सराहना करने का मौका देता है।

## लाउडस्पीकर तेज गति से बजा तो होगी कड़ी कार्रवाई

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के बक्शा थाने में बुधवार को थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की मीटिंग बुलाई गई। जिसमें उपस्थित सभी लोगों से आगामी त्योहार को देखते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि लाउडस्पीकर धीमी गति से बजाएं जिससे परिसर के बाहर आवाज न जाए किसी के क्षेत्र में होली रमजान अन्य किसी त्यौहार में कोई समस्या हो तो पुलिस को अवगत कराएं होलिका दहन स्थल व जलाने में कोई दिक्कत हो तो उसे भी पुलिस को अवगत कराएं, अन्य कोई नया परम्परा न शुरू करे। यदि शुरू करते हैं तो अनुमति जरूर ले। इस मौके पर मनोज सिंह बाबा, अभिनव सिंह, भोले नाथ सिंह, ज्योति यादव प्रधान, गजेंद्र यादव, सुभाष गौतम, मनीष यादव, इन्तजार अहमद, मनोज यादव प्रधान, राजेश गौतम, रामकुमार यादव,जगन सिंह मास्टर, पंकज विश्वकर्मा, ओमकार मिश्रा ,वरूण यादव, ईश्वरदेव यादव, मुरारी यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## होंडा कार्स इंडिया ने बोल्ड एवं स्टाइलिश होंडा एलिवेट की 1 लाख गाड़ियां बेचने की उपलब्धि हासिल की

मुंबई। प्रीमियम कार बनाने वाली भारत की प्रमुख कंपनी, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने अपने वैश्विक एसयूवी मॉडल होंडा एलिवेट की 1 लाख गाड़ियां बेचने की उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता का श्रेय घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में मिली इसकी लोकप्रियता को जाता है। कंपनी ने जनवरी 2025 तक भारत में एलिवेट की 53,326 कारें बेची हैं और जापान, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल और भूटान सहित कई देशों में 47,653 गाड़ियां निर्यात की हैं। होंडा एलिवेट को पहली बार सितंबर 2023 में भारत में लॉन्च किया गया था, और यह जल्दी ही एचसीआईएल के लिए एक मजबूत व्यावसायिक स्तंभ बन गया। इस नई गाड़ी ने प्रतिस्पर्धी घरेलू एसयूवी बाजार में अपनी जगह बनाई और 20 से ज्यादा प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल उद्योग पुरस्कार जीते। इसमें प्रमुख मीडिया संस्थानों से मिले कार ऑफ द ईयर, व्यूअर्स चॉइस कार ऑफ द ईयर, एसयूवी ऑफ द ईयर जैसे बड़े पुरस्कार भी शामिल हैं। यह गाड़ी अपने ग्राहकों से अच्छी तरह से जुड़ी हुई है और गाड़ी के लिए ग्राहकों से बहुत अच्छी सिफारिशें मिलती हैं। 2023 में होंडा एलिवेट के निर्यात की शुरूआत के बाद से, इसने कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 में अपने निर्यात व्यवसाय को 65% और चालू वित्त वर्ष (अप्रैल 2024-जनवरी 2025 अवधि) में 92% से अधिक बढ़ाने में मदद की है। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग एवं सेल्स के वाइस प्रेसिडेंट, कुणाल बहल ने कहा, ₹एलिवेट की 1 लाख गाड़ियों को बेचने की उपलब्धि हम सभी के लिए गर्व का क्षण है,।

# गेनबिटकॉइन मामले में 60 जगहों पर सीबीआई छापा, क्रिप्टो के नाम पर 6600 करोड़ की गडबड़ी के आरोप

नई दिल्ली। सीबीआई ने 6,600 करोड़ रुपये के गेनबिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी घोटाले की जांच के तहत मंगलवार को देश भर में 60 जगहों पर एक साथ छापेमारी की। जांच एजेंसी के अनुसार, दिल्ली एनसीआर, पुणे, चंडीगढ़, नांदेड़, कोल्हापुर और बेंगलुरु सहित कई शहरों में छापेमारी की गई। इस दौरान कथित तौर पर प्रमुख आरोपियों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली गई।

सीबीआई ने 6,600 करोड़ रुपये के गेनबिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी घोटाले की जांच के तहत मंगलवार को देश भर में 60 जगहों पर एक साथ छापेमारी की। जांच एजेंसी ने एक बयान बताया कि दिल्ली एनसीआर, पुणे, चंडीगढ़, नांदेड़, कोल्हापुर और बेंगलुरु सहित कई शहरों में छापेमारी की गई, इस दौरान कथित तौर पर प्रमुख आरोपियों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली गई।

अधिकारियों ने बताया कि




www.gainbitcoin.com सहित कई अन्य प्लेटफार्म्स के जरिए किए गए इस पोंजी घोटाले की कथित तौर पर अमित भारद्वाज (अब दिवंगत) और उसके भाई अजय भारद्वाज ने साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि 2015 में शुरू किया गया यह अवैध कारोबार वेरिएबलटेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से चल रहा था। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि इस योजना के तहत निवेशकों को 18 महीने की अवधि में बिटकॉइन पर प्रति माह 10 प्रतिशत का असाधारण रिटर्न देने का लालच दिया गया और उन्हें बाहरी एक्सचेंजों से डिजिटल मुद्रा खरीदने और क्लाउड माइनिंग अनुबंधों के माध्यम से इसे गेन बिटकॉइन में जमा करने के लिए कहा गया। प्रवक्ता ने कहा, यह मॉडल बहु-स्तरीय विपणन (एमएलएम) के आधार पर काम कर रहा था, जो सामान्यतः पिरामिड जैसी पोंजी योजनाओं से जुड़ा होता है, जहां भुगतान नए निवेशकों को जोड़ने पर निर्भर होता है। शुरूआती दिनों में निवेशकों को बिटकॉइन में भुगतान मिलता था, जिसके कारण लोगों के बीच इसके एक आकर्षक उद्यम होने का भ्रम पैदा होता था। हालांकि, 2017 तक नई पूंजी का प्रवाह कम होने के साथ ही सच सामने आने लगा। बयान में कहा गया है, घाटे को कवर करने की जुगत, गेनबिटकॉइन ने एकतरफा भुगतान को अपने कथित इन-हाउस क्रिप्टोकरेंसी MCAP में बदल दिया, जिसका मूल्य बिटकॉइन की तुलना में काफी कम था, जिससे निवेशक भ्रमित हो गए। बड़े पैमाने पर हुए इस घोटाले और इसकी जटिलता के कारण जम्मू-कश्मीर से लेकर महाराष्ट्र और दिल्ली से लेकर पश्चिम बंगाल तक पूरे भारत में कई एफआईआर दर्ज की गईं। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गड़बड़ी की व्यापक प्रकृति और इसके वैश्विक प्रभाव को देखते हुए इसकी जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी। सीबीआई के बयान में कहा गया है, जांच एजेंसी ने इन मामलों को अपने हाथ में ले लिया है और धोखाधड़ी की तह तक जाने, सभी आरोपी पक्षों की पहचान करने और वैश्विक लेनदेन सहित गबन की गई धनराशि का पता लगाने के लिए व्यापक जांच अभियान चलाया जा रहा है। एजेंसी ने कहा, तलाशी के दौरान कुछ क्रिप्टो वॉलेट, आपत्तिजनक डिजिटल साक्ष्य और डिजिटल डिवाइस जब्त किए गए हैं।

## इकोफ्यूल ने भारी वाहनों की दुनिया में रखा कदम, हरित भविष्य की ओर बढ़ाया कदम

मुंबई। ऑटोमोटिव सेक्टर के लिए टिकाऊ (सस्टेनेबल) ईंधन समाधान देने वाली अग्रणी कंपनी इकोफ्यूल ने अब भारी वाहनों के क्षेत्र में अपने विस्तार की घोषणा की है। यह कदम हरित तकनीकों को अपनाकर परिवहन उद्योग में बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इकोफ्यूल अब तक यात्री वाहनों के क्षेत्र में सफल रही है और अब वह भारी वाहनों के लिए भी अधिक स्वच्छ और कुशल ईंधन तकनीक उपलब्ध कराने के इस नए सफर की शुरूआत कर रही है। ईंधन दक्षता बढ़ाने और उत्सर्जन कम करने के अपने व्यापक अनुभव के चलते इकोफ्यूल की तकनीक न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद होगी, बल्कि पूरे भारी वाहन उद्योग पर भी सकारात्मक असर डालेगी। सीएनजी, एलएनजी और बायो-सीएनजी जैसे स्वच्छ ईंधनों को अपनाने से परिचालन लागत में कमी आएगी और कम कार्बन उत्सर्जन संभव हो सकेगा। इकोफ्यूल सिस्टम्स के संस्थापक और चेयरमैन श्री वीरेंद्र वोरा ने कहा, ₹भारी वाहनों के क्षेत्र में विस्तार करना हमारे लिए एक स्वाभाविक कदम है, क्योंकि हमारा मिशन दुनिया को अधिक स्वच्छ और हरित बनाना है। हमारे उन्नत ईंधन समाधान, जैसे कि सीएनजी, एलएनजी और बायो-सीएनजी, न केवल उत्सर्जन को कम करते हैं बल्कि फ्लीट ऑपरेटरों के लिए परिचालन लागत भी घटाते हैं। हमें गर्व है कि हम ऐसे समाधान प्रदान कर रहे हैं जो अधिक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल भविष्य के निर्माण में सहायक हैं। इकोफ्यूल के समाधान केवल उत्सर्जन कम करने तक सीमित नहीं हैं। ये फ्लीट ऑपरेटरों को बेहतर ईंधन दक्षता और कम परिचालन लागत देने के साथ ही, एक शांत और शोर-मुक्त वातावरण भी प्रदान करते हैं, जिससे सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों का शोरगुल भी कम होगा। इकोफ्यूल उन कुछ चुनिंदा कंपनियों में से एक है, जो भारी वाहनों के लिए सीएनजी, एलएनजी और बायो-सीएनजी को पारंपरिक ईंधनों के विकल्प के रूप में बढ़ावा दे रही है। कंपनी हमेशा उद्योग से जुड़े साझेदारों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि बदलते समय की जरूरतों के अनुसार अपने समाधानों को और बेहतर बना सके।

## रासायनिक खेती को त्याग कर किसानों को अब जैविक खेती करने के लिए किया जागरूक



डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के बड़ागांव में समाज में बढ़ती हुई गंभीर बीमारियों को देखते हुए किसानों को जैविक खेती के बारे में जागरूक करने हेतु बड़ागांव विकास खंड क्षेत्र के चंगवार गांव में मंगलवार को नमामि गंगे योजना के अंतर्गत बायो शर्ट इंटरनेशनल एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जैविक किसान मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब किसानों को अपनी मिट्टी के स्वास्थ्य को बचाने के लिए एवं समाज में फैल रही गंभीर बीमारियों से बचने के लिए रासायनिक खेती का त्याग कर अब किसानों को जैविक खेती अपनानी होगी।कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक सिंह तथा प्रवीण नागर ने पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया। जैविक किसान मेला में जनपद के सभी विकास खण्डों में एफपीओ से जुड़े कलस्टरों के जैविक उत्पादों (काशी जैविक उत्पाद') का स्टाल लगाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा जिसका अतिथियों ने अवलोकन कर काफी सराहना किया।किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कृषि विशेषज्ञ आनंद प्रकाश सिंह तथा इकोवा संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप तेवतिया एवं मासूम फाउंडेशन के प्रदेश समन्वक अर्पित सिंह तथा संस्था फोस्टर सर्टिफिकेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण नागर ने किसानों को देसी गाय पालन तथा मिट्टी में जीवांश बढ़ाने,गो मूत्र व गोबर गुड़,चने का बेसन,जीवांश युक्त मिट्टी को मिलाकर जीवामृत घोल का प्रयोग,लाइन में फसलों की बुवाई करने,मिलवा खेती करने,बीज शोधन के लिए ट्राइकोडरमा का प्रयोग,देशी बीज का प्रयोग करने हेतु विस्तार पूर्वक से जानकारी दिया।

## नारायणा हेल्थ एसआरसीसी चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, मुंबई ने दुर्लभ बाल रोग हेरेडिटेरी एलिप्टोसाइटोसिस का किया सफल इलाज

मुंबई। नारायणा हेल्थ एसआरसीसी चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, हाजी अली, मुंबई में 3 महीने के शिशु के दुर्लभ हेरेडिटेरी एलिप्टोसाइटोसिस का जटिल बीमारी के जरिए सफलतापूर्वक इलाज किया गया। यह मामला बेहद चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि शुरूआती निदान में कठिनाइयाँ आईं, लेकिन अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर आदित्य कुलकर्णी (कंसल्टेंट - पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी और हेपेटोलॉजी) और उनकी टीम ने इसे बेहद सावधानी से संभाला। यह बच्चा अपने माता-पिता की तीसरी संतान था, लेकिन पहले दो गर्भधारण सफल नहीं हो सके थे। जन्म के तीसरे दिन माता-पिता ने पाया कि उसे पीलिया है, जो 45 दिनों बाद भी बना रहा और उसका पेशाब भी गहरे रंग का दिखा। उसकी जटिल चिकित्सकीय पृष्ठभूमि को देखते हुए, जिसमें माँ की गर्भावस्था के दौरान डायबिटीज भी शामिल थी, डॉक्टरों ने विस्तृत जांच प्रक्रिया अपनाई। नारायणा हेल्थ एसआरसीसी चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल की ओपीडी में इस शिशु की विस्तृत जांच की गई, जिसमें पेट की सोनोग्राफी, लिवर फंक्शन टेस्ट और जन्मजात संक्रमणों के लिए ळडफळ्ळ पैनल टेस्टिंग शामिल थी। पहले डॉक्टरों को संदेह था कि यह लाल रक्त कोशिकाओं से संबंधित अप्रत्यक्ष पीलिया हो सकता है, इसलिए अतिरिक्त जांच की गई, जिसमें एचआईडीए स्कैन और रक्त परीक्षण शामिल थे, ताकि लीवर की बीमारी और अन्य अनुवांशिक विकारों की संभावना को टाला जा सके। व्यापक परीक्षणों के बावजूद बीमारी का मूल कारण स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन जब होल एक्जोम सीक्वेंसिंग की गई, तो इसका सही कारण सामने आया एसपीटीए1 जीन म्युटेशन के कारण हेरेडिटेरी एलिप्टोसाइटोसिस। हेरेडिटेरी एलिप्टोसाइटोसिस एक दुर्लभ स्थिति है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाओं की झिल्ली प्रभावित होती है, जिससे वे जल्दी टूटने लगती हैं और लगातार पीलिया बना रहता है। इस मामले को जटिल इसलिए माना गया क्योंकि शुरूआती बाहरी रिपोर्ट में सीधा पीलिया बताया गया था, जो आमतौर पर लीवर संबंधी बीमारी की ओर संकेत करता है, न कि रक्त से संबंधित विकार की ओर। इस वजह से डॉक्टरों को सिर्फ लैब रिपोर्ट पर निर्भर न रहकर अपने चिकित्सकीय अनुभव और मूल्यांकन के आधार पर निदान और उपचार की रणनीति बनानी पड़ी।

सही बीमारी की पहचान होने के बाद, बच्चे को खून में हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए हिमैटिनिक्स (हीमोग्लोबिन बढ़ाने वाली दवाएं) दी गईं। उसके संपूर्ण विकास और पोषण के लिए वसा में घुलनशील विटामिन सप्लीमेंट और एमीटी ऑयल दिया गया।

## जेएसडब्लू एमजी मोटर ने हेक्टर के ग्राहकों के लिए पेश किया पावर पैक ऑफर

पटना। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने हेक्टर खरीदने वाले संभावित ग्राहकों के लिए ₹पावर पैकर₹ स्कीम की घोषणा की है। पावर पैक एक बेहद किफायती पेशकश है, जिसके तहत ग्राहकों को पांच आकर्षक लाभ पेश किए गए हैं। इन लाभों में पहला है फाइनेंसिंग (आरओआई) पर आकर्षक 4.99 प्रतिशत की ब्याज दर। इसके अलावा अतिरिक्त सुरक्षा के लिए एक्सटेंडेड वारंटी, वाहन को अपने मन मुताबिक स्वरूप देने के लिए कॉम्पलीमेंट्री एक्ससरीज, झंझट रहित सफर के लिए रोड साइड असिस्टेंस के साथ ही रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की कमी शामिल है। इन सभी लाभों के साथ ग्राहक को हेक्टर खरीदने पर 2.40 लाख रुपये तक की बचत हो सकती है। इन लाभों के साथ एसयुवी के शौकीनों के लिए हेक्टर और भी अधिक किफायती और आकर्षक विकल्प बन जाती है।

## भारती एयरटेल ने 5जी के विस्तार के लिए एरिक्सन की 5जी कोर तकनीक के साथ साझेदारी की

मुंबई। भारती एयरटेल और एरिक्सन (NASDAQ: ERIC) ने अपने लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को एक नए स्तर पर पहुँचाते हुए एक नई साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहतए एरिक्सन के सुरक्षित और बेहतरीन प्रदर्शन वाले 5जी कोर नेटवर्क सोल्यूशन को लागू किया जाएगाए जिससे एयरटेल के लाखों ग्राहकों और व्यवसायों को पूरे भारत में लाभ मिलेगा। यह सहयोग एयरटेल को समय के साथ पूरी तरह से व्यावसायिक रूप से सक्रियए बड़े पैमाने पर 5जी स्टैंडअलोन नेटवर्क में विकसित होने में मदद करेगाए ताकि ग्राहकों को 5जी की उन्नत क्षमताओं का लाभ मिल सके।

भारती एयरटेल के सी टी ओए रणदीप सेखों ने कहाए कि एरिक्सन के साथ एयरटेल की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी एक रोमांचक नए दौर में प्रवेश कर रही हैए जो एयरटेल के 5जी स्टैंडअलोन में बदलाव के लिए एरिक्सन के 5जी कोर सोल्यूशन के साथ शुरू हो रहा है। यह रोलआउट एयरटेल की लंबे समय तक चलने वाली 5जी रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगाए इससे नेटवर्क के साथ ही ग्राहकों को नईए विशिष्ट सेवाएँ देने की क्षमता भी बढ़ेगी।

एरिक्सन के दक्षिणपूर्व एशियाए ओशनिया और भारत बाजार क्षेत्र के प्रमुख आंद्रेस विसेंते कहते हैंरू श्वैश्विक रूप से एक अग्रणी 5जी सेवा प्रदाता के रूप मेंए एरिक्सन भारती एयरटेल को अपनी सबसे नए पटेक्नोलॉजी सोल्यूशन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह भारती एयरटेल के नेटवर्क को 5जी स्टैंडअलोन के लिए तैयार करने और भविष्य के लिए सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एरिक्सन का डुअल मोड वाला 5जी कोर नेटवर्क स्लाइसिंग आधारित सेवाओं और नेटवर्क एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस के माध्यम से राजस्व बढ़ाने में मदद करता है, जिससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए नए इनोवेटिव उदाहरण प्रस्तुत होते हैं।

## होम क्रेडिट इंडिया ऑन-डिमांड और भरोसेमंद वित्तीय सेवाओं के साथ भारत की आकांक्षाओं को बना रहा सशक्त

मुंबई। ऑन-डिमांड वित्तीय सेवाओं ने सुविधा को फिर से परिभाषित किया है, जो संरचित किफायतीपन और खास समाधान प्रदान करती हैं जो उपभोक्ताओं को जानकारी के साथ वित्तीय निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाती हैं। इस विकास के केंद्र में उपभोक्ता आवश्यकताओं की एक सूक्ष्म समझ समाहित है जोकि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित वित्तीय पहुंच का सामंजस्य स्थापित करना है। होम क्रेडिट इंडिया इस परिवर्तन में सबसे आगे है, जो एक ऐसा उपभोक्ता अनुभव प्रदान करता है जो तेज, सहज, भविष्योन्मुखी और भरोसे पर आधारित है। होम क्रेडिट इंडिया ऋण को अधिक सुलभ और तनाव-मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, यह सुनिश्चित करते हुए कि इसके ऋण समाधान नए युग के उधारकर्ताओं की विकसित हो रही अपेक्षाओं के अनुरूप हैं। कस्टमर-फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ, कंपनी गति, सरलता और पारदर्शिता को प्राथमिकता देती है, जिससे ऋण तक पहुंचना और उसका प्रबंधन आसान हो जाता है। इस निर्बाध ऋण अनुभव को परिभाषित करने वाले प्रमुख पहलूओं में शामिल हैं। तक त्वरित पहुंचः होम क्रेडिट इंडिया यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहकों को जब सबसे ज्यादा जरूरत हो, तब उन्हें त्वरित और परेशानी मुक्त धन तक पहुंच मिले। एक सुव्यवस्थित आवेदन प्रक्रिया, न्यूनतम दस्तावेजीकरण और तेज वितरण के साथ, उधारकर्ता बिना किसी अनावश्यक देरी या लंबी कागजी कार्रवाई के ऋण प्राप्त कर सकते हैं। स्पष्ट और पारदर्शी ऋण शर्तेंः ऋण सुविधाओं और शर्तों को समझना आसान होना चाहिए। होम क्रेडिट इंडिया सरल, जार्गन-मुक्त संचार का उपयोग करके जटिलता को समाप्त करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहक ठीक से जानते हैं कि वे किस चीज के लिए साइन अप कर रहे हैं - कोई छिपे हुए शुल्क नहीं, कोई आश्चर्य नहीं। लचीला पुनर्भुगतान और किफायती लागतः उधारकर्ता पुनर्भुगतान योजनाओं को चुन सकते हैं जो उनकी वित्तीय स्थिति के लिए सबसे उपयुक्त हों।

## ट्रेलर की टक्कर में खलासी की मौत, ड्राइवर गम्भीर रूप से जख्मी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।जफराबाद क्षेत्र के महरूपुर गांव के पास राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर सोमवार की मध्यरात्रि में रोड पर चल रहे ट्रेलर की दूसरे ट्रेलर से पीछे से टक्कर हो गयी जिसमे ड्राइवर और खलासी दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पी आर वी वैन से सिपाहियों द्वारा घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां खलासी को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और ड्राइवर का इलाज जारी है। सोमवार की रात डेढ़ बजे महरूपुर गांव के समीप राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर जौनपुर से वाराणसी की तरफ जा रहे एक ट्रेलर अपने से आगे चल रहे ट्रेलर को धक्का मार दिया। ट्रेलर चालक द्वारा बताया गया कि आगे के ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगाने से उसका ट्रेलर उसके ट्रेलर से टकरा गया। दुर्घटना के बाद ड्राइवर जहां ट्रेलर से बाहर निकल आया वहीं खलासी काफी देर तक केबिन में फंसा रहा। रात्रि में गस्त कर रही पी आर वी वैन के सिपाहियों द्वारा चालक और खलासी दोनो के जिला अस्पताल इलाज हेतु भिजवाया गया। जहां डाक्टरों ने खलासी शेर बहादुर यादव 38 पुत्र जिलाजीत यादव नि0 कटघरा थाना दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर को मृत घोषित कर दिया साथ ही चालक मुकेश 35 पुत्र पारस यादव नि0 नागनाथपुर हसरो थाना करौदी कला जनपद सुल्तानपुर का इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि चालक एवं खलासी के परिजनो तथा वाहन स्वामी को सूचना दे दी गयी है आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## वाराणसी: गंगा में डूबने से दो पर्यटकों की मौत, मचा कोहराम

वाराणसी(उत्तरशक्ति)।जिले की कोतवाली थाना अन्तर्गत पंचगंगा घाट पर मंगलवार को नेपाल से काशी घूमने आए राजेश श्रेष्ठ (32) की गहरे पानी में जाने से मौत हो गई। राजेश के साथ आए उसके दोस्तों ने घटना की सूचना आसपास मौजूद लोगों की मदद से पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और डीआरएफ की टीम की मदद से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रखवाया गया। साथ ही घटना की सूचना परिजनों को दी गई। नेपाल के जिला दुआखुर निवासी राजेश श्रृष्ठ पुत्र प्रेम बहादुर अपने चार दोस्तों के साथ काशी घूमने आया था। मंगलवार सुबह सभी पंचगंगा घाट पहुंचे। राजेश के दोस्तों ने बताया कि गंगा स्नान कर सभी काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन करने जाने वाले थे। घाट पर नहाते वक्त राजेश का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। वहां मौजूद दोस्त जब तक उसे बचाने की कोशिश करते तब तक वह डूब गया। उधर, मामले को लेकर चौकी इंचार्ज प्रशांत गुप्ता ने बताया कि राजेश के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। मृतक के बड़े भाई राजू वाराणसी के लिए निकल गए हैं। परिवार के आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। आदमपुर थाना क्षेत्र के सक्का घाट पर मंगलवार को राजस्थान से आए अनिल जी स्वामी (26) की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची आदमपुर पुलिस ने निजी गोताखोरों की मदद से युवक के शव को पानी से बाहर निकाला। नवी मंडी तहसील गड़साना (राजस्थान) निवासी अनिल के पिता भागीरथ स्वामी ने बताया कि परिवार के साथ वह काशी दर्शन के लिए आया था। सभी मच्छोदरी स्थित एक गेस्ट हाउस में ठहरे थे। सुबह अनिल और परिवार के लोग गंगा स्नान के लिए सक्का घाट पहुंचे थे। नहाते समय अनिल आगे चला गया। जिसके कारण वह डूब गया। अनिल को पानी में डूबता देख परिवार के लोगों ने शोर मचाया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। आदमपुर पुलिस युवक के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है।

## महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन हाईअलर्ट

### 6 जोन और 18 सेक्टरों में बंटा श्री विश्वनाथ परिक्षेत्र, कमांडो रहेंगे तैनात

वाराणसी(उत्तरशक्ति)।काशी में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन हाईअलर्ट है। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने कैंप कार्यालय में अधिकारियों संग मीटिंग की। इस दौरान भीड़ नियंत्रण, सुगम यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। श्री काशी विश्वनाथ परिक्षेत्र को 6 जोन और 18 सेक्टरों में बांट कर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। वहीं पुलिस, पीएसी और अर्धसैनिक बलों के साथ ही एटीएस कमांडो की तैनाती की जाएगी। महाशिवरात्रि पर अखाड़ों के जूलूस व दर्शनार्थियों की भारी संख्या के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या मे पुलिस, पीएसी व अद्धसैनिक बल समेत एटीएस के कमांडो तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा संवेदनशील स्थानों पर रूफटॉप (घरों की छतों पर) ड्यूटी लगेगी। श्री काशी विश्वनाथ धाम व आस-पास के क्षेत्रों को 6 जोन व 18 सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबन्धन हेतु सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। महाशिवरात्रि पर सभी शिवालयों पर दर्शनार्थियों के सुरक्षित व व्यवस्थित दर्शन हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ महिला पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगी। सुगम यातायात के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान के तहत प्रभावी रहेगा रुट डायवर्जन, वन-वे व नो व्हीकल जोन लागू किया गया है। वहीं बड़े वाहनों की पार्किंग शहर के बाहर, वहां से शटल बस व ई रिक्शा की सुविधा के साथ ही छोटे वाहनों के लिए शहर के अंदर विभिन्न स्कूलों में पार्किंग बनायी गयी है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की गाड़ियों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही

